# पारिवारिक हिंसा

CITY OF MONASH

## हमारे समुदाय में हर कोई सुरक्षित और सम्मानित होने का हकदार है।

दुर्भाग्य से, पारिवारिक हिंसा किसी के साथ भी हो सकती है - चाहे उनकी उम्र, संस्कृति, लिंग, कामुकता, क्षमता, पृष्ठभूमि और/या सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।

यह कहीं भी और किसी के साथ भी हो सकता है - और हम जानते हैं कि यह मोनाश में होता है।

आप हिंसा के चक्र को तोड़ सकते हैं। आपकी सहायता के लिए 24/7 सहायता सेवाएँ उपलब्ध हैं।



## पारिवारिक हिंसा एक बार की घटना या व्यवहार का दोहराया जाने वाला पैटर्न हो सकता है। यह किस तरह का हो सकता है, इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:

- **शारीरिक शोषण** (कोई आपके शरीर को नुकसान पहुँचाता है)
- **यौन शोषण** (बिना सहमति के ली गई या साझा की गई तस्वीरें शामिल हैं)
- **नियंत्रित व्यवहार** (कोई व्यक्ति आपके साथ छेड़छाड़ करता है या आपके काम पर जाने या परिवार और दोस्तों से मिलने की पहुँच को सीमित करता है)
- **वित्तीय शोषण** (कोई व्यक्ति आपके पैसे का इस्तेमाल आपको चोट पहुँचाने के लिए करता है, जैसे आपको ऐसे ऋण लेने के लिए मजबूर करना जो आप नहीं चाहते या आपके पैसे तक पहुँच को सीमित करना)
- **धमकी भरा व्यवहार** (कोई आपको डराता है, आपको, आपके परिवार, आपके पालतू जानवर या खुद को चोट पहुँचाने की धमकी देता है)
- **भावनात्मक दुर्व्यवहार** (कोई व्यक्ति आपको बुरा महसूस कराने, चोट पहुँचाने या आपके आत्मसम्मान को कमज़ोर करने के लिए कुछ कहता या करता है)
- **सांस्कृतिक या आध्यात्मिक दुर्व्यवहार** (कोई व्यक्ति आपको चोट पहुँचाने या नियंत्रित करने के लिए आपको किसी धर्म का पालन करने से रोकता है या मजबूर करता है)
- **वीज़ा दुरुपयोग** (कोई व्यक्ति आपका पासपोर्ट छिपाता है या आपके वीज़ा स्टेटस के बारे में गलत जानकारी देता है)
- ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप **से पीछा करना या निगरानी करना**
- **बच्चे** को अपमानजनक या धमकी भरे व्यवहार के संपर्क में लाना

## सहायता

### यदि आप तत्काल खतरे में हैं तो 000 पर कॉल करें

पारिवारिक हिंसा की जानकारी, परामर्श और सहायता। 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन।

**1800 RESPECT (1800 737 732)**

**www.1800respect.org.au**

**अधिक सहायता सेवाएँ पाने के लिए, इस QR कोड को स्कैन करें या www.monash.vic.gov.au/family-violence-support पर जाएँ।**

कृपया किसी मित्र के फ़ोन या सार्वजनिक कंप्यूटर (आप उन्हें मोनाश काउंसिल लाइब्रेरी में पा सकते/ती हैं) का उपयोग करने पर विचार करें, यदि आपके लिए अपने फ़ोन या कंप्यूटर में ये फ़ोन नंबर या ब्राउज़र इतिहास रखना सुरक्षित नहीं है।